**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**

**LIBRARY**

**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS पंजाब केसरी DELHI 16 अक्तूबर, 2024 ▶ बुधवार


# डीडीए जल्द शुरू करेगा दूसरे चरण की पंजीकरण प्रक्रिया

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा जल्द दूसरे चरण के तहत विभिन्न फ्लैटों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें लोग छह हजार से अधिक फ्लैटों को बुक करा सकेंगे। अगले एक माह में यह सुविधा शुरू होगी। आवासीय योजना के दूसरे चरण के मद्देनजर पंजीकरण और बुकिंग होगी। इस वर्ष डीडीए ने



सस्ता घर आवासीय योजना के तहत 34,177 ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैटों को शामिल किया है। साथ ही मध्यम वर्गीय आवासीय योजना में 5,531 फ्लैटों को शामिल किया है। पहले चरण में सस्ता घर आवासीय योजना में कुल 7,124 फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग शुरू हुई थी। अब डीडीए दूसरे चरण में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर रहा है। नरेला, लोकनायकपुरम व सिरसपुर में मौजूद फ्लैटों को खरीदार खरीद सकेंगे। डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस फ्लैट, वन बीएचके के एलआईजी फ्लैट, टू बीएचके के एमआईजी फ्लैट, थ्री बीएचके के एचआईजी फ्लैट को फ्लैट खरीदारों को पंजीकरण और बुक करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही सैंपल फ्लैटों की तस्वीरें भी उपलब्ध होंगी। कुछ स्थानों पर फ्लैटों को देखने के लिए डीडीए बस सेवा भी शुरू करेगा।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS-- नई दिल्ली। बुधवार • 16 अक्टूबर • 2024 राष्ट्रीय सहारा

## जलवायु परिवर्तन

### डीडीए का बायो डायवर्सिटी पार्क

# तितलियों के लिए अनुकूल



■ डीडीए और डीयू के सांझा तितली मूल्यांकन कार्यक्रम से हुआ खुलासा

नई दिल्ली (एसएनबी)। जलवायु परिवर्तन से पूरे विश्व में तितलियों के जीवन पर असर पड़ा है, लेकिन डीडीए के सभी बायोडायवर्सिटी पार्क उनके जीवन के लिए अनुकूल है। यह खुलासा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की ओर से साझा वन्य जीव सप्ताह एवं तितली मूल्यांकन अध्ययन कार्यक्रम से हुआ। यह अध्ययन 2 से 8 अक्टूबर तक विलुप्त प्रजातियो को बचाने के लिए शुरू हुए वन्य जीव सप्ताह के तहत किया गया। डीडीए के सात जैव विविधता पार्क यमुना, अरावली, तिलपथ घाटी, उत्तरी रिज, नीला हौज, तुगलकाबाद और कालिंदी में तितलियों की गणना की गई। ये पार्क यमुना नदी बेसिन और अरावली पहाड़ी श्रृंखलाओ के भीतर नए नीले-हरे बुनियादी ढांचे के साथ है, जो विविध आवासो व प्रचुर हरियाली के साथ तितलियों के लिए आबोहवा और जीवन अनुकूल है। मूल्यांकन मे रामजस कॉलेज, हिंदू कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, सत्यवती कॉलेज, इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज, केशव महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली कौशल और उद्यमिता विश्वविद्यालय, रामानुजन कॉलेज समेत विभिन्न कॉलेजो के छात्र और शिक्षक भी शामिल हुए।

दैनिक तितली गणना सुबह 9:30 से 11:30 पूर्वाह्न तक आयोजित की गई। इसमे 5-10 पर्यवेक्षको के समूह तितलियों का आकलन व जांच की। पर्यवेक्षको ने वयस्क तितलियों को धूप सेंकते, प्रजनन करते और अंडे देते हुए रिकॉर्ड किया और मेजबान पौधों पर लार्वा और अंडे देखे। इस सर्वेक्षण का समन्वय जैव विविधता पार्क कार्यक्रम के वरिष्ठ वैज्ञानिको डॉ. आयशा सुल्ताना और मोहम्मद फैसल ने किया। सप्ताह भर चले सर्वेक्षण मे भारत के सभी पांच तितली परिवारों से तितलियों की 68 प्रजातियों के 8337 संख्या डीडीए जैव विविधता पार्क में पाए गए। उनमें से उनकी संख्या के आकार के अनुसार शीर्ष प्रजातियां प्लेन टाइगर, कॉमन इमिग्रेंट येलो ऑरेंज टिप, लेमन पैंसी, कॉमन गल और कॉमन ग्रास येलो है। अरावली जैव विविधता पार्क मे तितली की अधिकतम 58 प्रजातियां पाई गईं, जबकि कालिंदी जैव विविधता पार्क में न्यूनतम 18 प्रजातियां पाई गईं।

पिछले वर्षों के साथ अक्टूबर 2024 के मौसम के आंकड़ों की तुलना करने से पता चलता है कि इस वर्ष तापमान अधिक था, जिससे तितली देखने मे थोड़ी गिरावट आई। हालांकि वर्ष 2024 की तितली गणना इस बात की पुष्टि करती है कि डीडीए जैव विविधता पार्क दिल्ली की तितलियों के लिए समृद्ध आवास बन गए है। मानसून के बाद असामान्य गर्मी के बावजूद, तितलियों की संख्या, विविधता और गतिविधि स्थिर रही। इससे पता चलता है कि पार्कों में आवासों की विविधता तितलियों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करती है, जिससे उन्हें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने मे मदद मिलती है। यमुना जैव विविधता पार्क में घास के मैदान स्किपर तितलियों के लिए आदर्श है। अरावली जैव विविधता पार्क में पुनर्स्थापित जंगल और खुले आवास तितली प्रजातियों की एक विस्तृत श्रृंखला है। नॉर्दर्न रिज बायोडायवर्सिटी पार्क भी तितली प्रजातियों के लिए एक अनुकूल आवास के रूप मे उभर रहा है। इसकी विविध वनस्पतियां और खुले क्षेत्र शामिल हैं। यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क के प्रभारी डॉ. फैयाज. खुदसर के अनुसार पांच वर्षों में मौसम के बदलते मिजाज के बावजूद डीडीए जैव विविधता पार्क में तितली विविधता स्थिर बनी हुई है। इससे पता चलता है कि जैव विविधता से समृद्ध आवास जलवायु परिवर्तन अनुकूलन करने की क्षमता रखता है। डीडीए जैव विविधता पार्क जलवायु परिवर्तन के प्रभावों सहित पर्यावरणीय मुद्दों के अध्ययन के लिए एक जीवित प्रयोगशाला के रूप में काम करता है।

**सभी बायो डायवर्सिटी पार्क में तितलियों की संख्या**

यमुना बायो डायवर्सिटी पार्क में वर्ष 2020 में 30, वर्ष 2021 में 58, वर्ष 2022 में 47, वर्ष 2023 में 41 और वर्ष 2024 में 41, अरावली बॉयो डायवर्सिटी पार्क में 2020 में 56, वर्ष 2021 में 62, वर्ष 2022 में 68, वर्ष 2023 में 65, वर्ष 2024 में 58, नीला हौज डायवर्सिटी पार्क में वर्ष 2020 में 21, वर्ष 2021 में 23, वर्ष 2022 में 28, वर्ष 2023 में 28, वर्ष 2024 में 22, उत्तरी रिज वर्ष 2020 में 33, वर्ष 2021 में 50, वर्ष 2022 में 59, वर्ष 2022 में 48, वर्ष 2024 में 48, तिलपथ वैली बायो डायर्सिटी पार्क 2020 में 22, वर्ष 2021 में 47, वर्ष 2022 में 41, वर्ष 2023 में 43, वर्ष 2024 में 38, तुगलकाबाद बॉयो डायर्सिटी पार्क वर्ष 2020 में 41, वर्ष 2021 में 51, वर्ष 2022 में 37, वर्ष 2023 में 37, वर्ष 2024 में 45, कालिंदी बॉयो डायर्सिटी पार्क वर्ष 2020 में 12, वर्ष 2021 में 17, वर्ष 2022 में 12, वर्ष 2023 में 17, वर्ष 2024 में 18 तितलियां पाई गई है।

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI -DATED- WEDNESDAY, OCTOBER 16, 2024 ----------------------


# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

## NOTICE

### EMPANELMENT OF SECRETARY FOR DDA BHALSWA GOLF COURSE

1. DDA has developed Bhalswa Golf Course, near Bhalswa Lake, Outer Ring Road, New Delhi – 110042. Secretary of the golf course would be responsible for operation, maintenance and management of the golf course. Application are invited from persons not exceeding 60 years in age as on 31.10.2024 with the experience in operation and maintenance of golf course in the following categories :

i. Retired service officers of the rank of Lt. Colonel (or equivalent from Navy / Air Force) and above with experience in managing golf course.

ii. Golf players of the following skill level :

a. Professional Golf Tour of India (PGTI) – A, B or C card holder on PGTI qualifying school with at least one top 30 finish in the season, or

b. IGU National Amateur Tour- Figured in the top 40 of the season ending IGU National Amateur circuit merit list with at least one top 10 finish in the season.

Candidates applying in this category should have at least 5 years prior experience of working at administrative / managerial level in government / PSU / autonomous bodies in the field of golf course operation, maintenance and management.

iii. Civilian candidates with 10 years experience in operation and management of golf courses.

2. Monthly honorarium payable to Secretary Bhalswa Golf Course is Rs. 1,14,089/- per month. Travel allowance of Rs. 14,172/- per month would also be payable.
3. Honorarium and allowance would be enhanced by 10% annually.
4. Applications with a copy of resume, proof of residence and age, recent passport size photograph, phone numbers and e-mail ID are required to be sent latest by 06.11.2024 to Secretary (Coordn.), DDA Siri Fort Sports Complex, August Kranti Marg, New Delhi-110049 (Telephone No. 26496650 / 26496657). A copy may also be sent by email to commrsprts@dda.org.in
5. Selected candidates would be engaged purely on annual contract basis. Annual extensions of contract would be considered on the basis of performance. Contractual engagement can be terminated by giving 30 days notice by either party. Maximum tenure would be for 10 years or attaining the age of 65 years, whichever is earlier.

**Commissioner (Sports), DDA**

**Please visit DDA's Website : www.dda.gov.in or Dial 1800110332**

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI WEDNESDAY, OCTOBER 16, 2024 -----DATED---------------------

# Broken swings, benches: Hindi Park hit by apathy

TIMES NEWS NETWORK

File photos





NOT JUST AN EYESORE, BUT THREAT TO SAFETY TOO

**New Delhi:** Hindi Park in Daryaganj, managed by the Municipal Corporation of Delhi, is languishing in neglect. Divided into sections, the children's section has broken slides, benches, and horticultural waste lying around. Local residents said that even with a bit of rain, the park gets flooded. The gates are broken and stray dogs freely roam inside. On Wednesday, there were also two-wheelers parked inside and homeless people sleeping though there were schoolchildren present and playing.

"I take my daughter to the park as it is the only one close to our house," said Seema Wadhwa, who lives in Daryaganj. "But the slides are broken and sometimes people can be seen playing cards and smoking in the park. There usually are stray dogs around, making it unsafe for children. There is no green cover in the children's area." The park also has an open gym but due to lack of maintenance, many of the installations are broken or have parts missing.

"This park has seen better days," remarked Mohammad Ashfaq, another local resident. "The authorities as well as visitors should have a sense of responsibility in keeping the park clean and green. There is garbage littered everywhere. Rain means the children's area gets flooded and results in mosquito breeding."

While MCD has been developing theme parks in the past few years, traditional parks like these are struggling. Open gyms have been installed in more than 1,000 MCD parks and a few DDA parks. These units are mostly sponsored by MP/MLALAD funds and each costs Rs 7-8 lakh.

**A RESIDENT SAYS**

**The slides are broken and sometimes people can be seen playing cards and smoking in the park. There usually are stray dogs around, making it unsafe for children. There is no green cover in the children's area**

Last year, there was a requirement of more than 4,426 gardeners for the upkeep of the 15,229 parks managed by MCD. How many of these vacancies for gardeners were filled is not clear as of now.

Ankush Narang, who is an Aam Aadmi Party councillor from Ranjeet Nagar, raised the matter last year when he said the maintenance of 72 parks in his ward has become a 'headache' for him.

Sarika Choudhary, also an AAP councillor, said that funds had been sanctioned for the redevelopment of Hindi Park and restoration work should have started. "I will check the matter raised by you," she said in response to **TOI's** queries on the matter. MCD itself did not have an official response to queries.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, बुधवार, 16 अक्तूबर 2024

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED----------------------

# दूसरे चरण में छह हजार से अधिक आवास बुक होंगे

हि अच्छी खबर

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की तरफ से दूसरे चरण के तहत विभिन्न फ्लैटों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें छह हजार से अधिक फ्लैटों को लोग बुक करा सकेंगे। अगले एक माह में यह सुविधा शुरू होगी।

आवासीय योजना के दूसरे चरण के मद्देनजर पंजीकरण और बुकिंग होगी। इस वर्ष डीडीए ने सस्ता घर आवासीय योजना के तहत 34,177 ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैटों को शामिल किया है। साथ ही मध्यम वर्गीय आवासीय योजना में 5,531 फ्लैटों को शामिल किया है। पहले चरण में सस्ता घर आवासीय योजना में कुल 7,124 फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग शुरू हुई थी। अब डीडीए प्रशासन दूसरे चरण में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर रहा है। नरेला, लोकनायकपुरम, सिरसपुर में मौजूद फ्लैटों को खरीदार खरीद सकेंगे।

## इतनी होगी कीमत

अधिकारियों के अनुसार, ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की कीमत 11 लाख रुपये से शुरू होने की उम्मीद है। एलआईजी फ्लैटों की कीमत 20 लाख रुपये से अधिक, एमआईजी फ्लैटों की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक और एचआईजी फ्लैटों की कीमत 1.40 करोड़ रुपये से अधिक में शुरू होने की उम्मीद है।

डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस फ्लैट, वन बीएचके के एलआईजी फ्लैट, टू बीएचके के एमआईजी फ्लैट, थ्री बीएचके के एचआईजी फ्लैट को फ्लैट खरीदारों को पंजीकरण और बुक करने की सुविधा मिलेगी।

लोगों को सूचना देने के लिए डीडीए वेबसाइट पर फ्लैटों के स्थान, सोसाइटी के परिसर, परिवहन कनेक्टिविटी के साथ अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही सैंपल फ्लैटों की तस्वीरें भी उपलब्ध होंगी। कुछ स्थानों पर फ्लैटों को देखने के लिए डीडीए बस सेवा भी शुरू करेगा। इसके लिए योजना बना रहे हैं।

## फ्लैटों की जानकारी के लिए कॉल कर सकते हैं

डीडीए की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना में कई फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग प्रक्रिया जारी है। फ्लैटों के बारे में जानकारी के लिए कॉल सेंटर नंबर 1800110332 पर कॉल कर सकते हैं। इस संबंध में डीडीए के नोडल अधिकारियों को भी तैनात किया गया है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------ नई दिल्ली, 16 अक्टूबर, 2024 दैनिक जागरण ------------------

# विभिन्न खेल सुविधाओं से लैस सुखदेव विहार स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स दिसंबर में होगा शुरू

- पिछले पांच से उद्घाटन की बाट जोह रहा था स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स
- खिलाड़ियों व लोगों के लिए बनाया गया है कैफेटेरिया और आधुनिक वेटिंग हाल

शनि पाथौली • जागरण

दक्षिणी दिल्ली : पिछले करीब पांच साल से उद्घाटन की बाट जोह रहा सुखदेव विहार में डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) का स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स दिसंबर में शुरू हो जाएगा। क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपने हुनर को तराशने के लिए कई किलोमीटर दूर दूसरे स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जाना पड़ता है। यहां पर विभिन्न खेलों के अलावा आगंतुकों के लिए कैफेटेरिया की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

डीडीए की तरफ से करीब पांच साल पहले राजधानी के विभिन्न जगहों पर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाने की पहल शुरू की गई थी, ताकि प्रतिभावान खिलाड़ियों को तैयार किया जा सके। इसके तहत सुखदेव विहार में आधुनिक सुविधाओं से लैस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाया गया, लेकिन यह आज तक शुरू नहीं हो सका। अब दक्षिणी दिल्ली सासंद रामवीर सिंह बिधूड़ी और श्री निवासपुरी पार्षद राजपाल सिंह के प्रयास से डीडीए के अधिकारियों ने काम्प्लेक्स को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। कुछ दिन पहले घास और पेड़ों से अटे पड़े काम्प्लेक्स को पूरी तरह साफ कर दिया गया है।



सुखदेव विहार में डीडीए के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी (दाएं से चौथे), पार्षद राजपाल सिंह व डीडीए अधिकारी • सौ. इंटरनेट मीडिया

सांसद और पार्षद सहित डीडीए के अधिकारियों ने काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया है। अधिकारियों ने काम्प्लेक्स ,को दिसंबर के पहले हफ्ते में शुरू करने का आश्वासन दिया है।

**पानी की व्यवस्था नहीं होने से अधूरा पड़ा था काम :** काम्प्लेक्स में पानी का कनेक्शन नहीं होने की वजह से आधे से ज्यादा काम अधूरा पड़ा था। अब जिलाधिकारी से काम्प्लेक्स में बोरिंग करने की अनुमति मांगी गई है, ताकि इसे जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

वर्तमान में सुखदेव विहार और उसके आसपास के इलाके में एक भी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स नहीं है। इस वजह से क्षेत्र में बच्चों को खेल प्रैक्टिस के लिए 10 से 15 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। इसका लाभ आसपास के इलाकों के खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। अभी खिलाड़ियों को खेलने के लिए दूर कांम्प्लेक्स में जाना पड़ता है।

**वैडमिंटन, क्रिकेट सहित कई खेल सुविधाओं से होगा लैस :** यह काम्प्लेक्स बैडमिंटन, क्रिकेट सहित कई अन्य खेल सुविधाओं के लिए लैस होगा। पार्षद राजपाल सिंह ने बताया कि यहां पर दो बैडमिंटन, दो लान टेनिस कोट बनाएं गए हैं। इसके अलावा क्रिकेट के लिए नेट की पिच बनाई गई है। इसमें जिम की सुविधा उपलब्ध कराने समेत रग्बी, फुटबाल, जागिग ट्रैक, वालीबाल, बास्केटबाल खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### जसोला स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की देखरेख में होगा संचालन

इस काम्प्लेक्स की देखरेख का जिम्मा जसोला स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को दिया जाएगा। यहां से ही खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए कोच की व्यवस्था की जाएगी। यहां पर आने वाले खिलाड़ियो व स्थानीय निवासियों के लिए कैफेटेरिया और बुजुर्गों के लिए आधुनिक वेटिंग हाल बनाया गया है।

सुखदेव विहार क्षेत्र में रहने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों व स्थानीय निवासियों के लिए जल्द ही डीडीए के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को शुरू कर दिया जाएगा। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों से सकारात्मक संवाद हुआ है। यहां पर विभिन्न खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

**रामवीर सिंह बिधूड़ी**, सांसद, दक्षिणी दिल्ली

### अगर न हो समस्या का हल

दैनिक जागरण आपके मुद्दों को उठा रहा है। अगर, आपकी समस्या का हल नहीं हो रहा है तो दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के हेल्पलाइन नंबर 1800110332 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं दक्षिण दिल्ली नगर निगम कार्यालय के दूरभाष नंबर 011- 47501986 के साथ ही दिल्ली पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी शिकायत की जा सकती है।